भारतीय रिज़र्व बैंक
मानव संसाधन प्रबंध विभाग, चेन्नै

निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

किराए पर कार उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों/ कंपनियों का पैनल भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै द्वारा तैयार किया जाना

दिनांक: 08 फरवरी 2024

संदर्भ सं.: आरबीआई/चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय/एचआरएमडी/4/23-24/ईटी/511[किराए पर कार उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों का पैनल तैयार करना]

भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय (जिसे इसके बाद "बैंक" कहा गया है), आवश्यकता के आधार पर कार किराए पर लेने के लिए कार किराए पर देने वाली अत्यंत प्रतिष्ठित, अनुभवी और सक्षम एजेंसियों/ कंपनियों का पैनल तैयार किए जाने हेतु दो-बोली प्रणाली (तकनीकी और वित्तीय बोली) के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। पैनल एक वर्ष की अवधि के लिए यानी 01 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक होगा। तथापि, नियत कार्यों के संतोषजनक कार्यनिष्पादन और एजेंसी द्वारा सहमत दरों पर पारस्परिक रूप से सभी निबंधन व शर्तों को पूरा किए जाने के अधीन इस संविदा को दो वर्ष की अवधि (31 मार्च, 2027 तक) के लिए वार्षिक आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

निविदा अनुसूची (एसओटी)

a.	ई-निविदा का नाम	किराए पर कार उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों/ कंपनियां का पैनल भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार किया जाना
b.	ई-निविदा सं.	आरबीआई/चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय/एचआरएमडी/4/23-24/ईटी/511[किराए पर कार उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों का पैनल तैयार किया जाना]
c.	निविदा का प्रकार	ई-खरीद प्रणाली (ऑनलाइन भाग-। - तकनीकी बोली और भाग-।। - वित्तीय बोली के माध्यम से (https://www.mstcecommerce.com/eprocn)

d.	डाउनलोड किए जाने हेतु पार्टियों को एनआईटी उपलब्ध होने की तारीख	**08 फरवरी 2024** को **पूर्वाह्न 11:00 बजे** से लेकर
e.	बोली-पूर्व बैठक	सम्मेलन कक्ष सं.-1, दूसरी मंज़िल, भारतीय रिज़र्व बैंक, एचआरएमडी, 16, राजाजी सालै, चेन्नै-600001 में **06 मार्च 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे**
f.	निविदा की अनुमानित लागत	₹80 लाख (अस्सी लाख रुपये मात्र)
g.	बयाना जमाराशि	प्रत्येक बोली लगाने वाला ₹1,60,000/- (एक लाख साठ हजार रुपये मात्र) जो कि कुल संविदा मूल्य का 2 प्रतिशत है, की राशि **18 मार्च 2024** को **11:00 बजे** को या उससे पहले एनईएफटी के रूप में जमा करेगा। **एनईएफटी का ब्योरा** **लाभार्थी का नाम:** **एनईएफटी आवक खाता** **लाभार्थी का खाता सं.: 186003001** आईएफएससी: RBIS0CNPA01 (0 = दोनों स्थानों पर शून्य) **नोट: एनईएफटी अंतरण की पुष्टि संबंधी ई-मेल vinayrajiv@rbi.org.in को और उसकी एक प्रति (सीसी) hemanthmr@rbi.org.in और cardeskchennai@rbi.org.in को भी भेजें।**
h.	ईएमडी प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख	**18 मार्च 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से पहले**
i.	(https://www.mstcecommerce.com/eprocn/rbi/) पर ऑनलाइन तकनीकी बोली और वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए ई-निविदा शुरू किए जाने की तारीख	**08 मार्च 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे**
j.	तकनीकी बोली और वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन ई-निविदा बंद किए जाने की तारीख	**18 मार्च 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से पहले**
k.	भाग-I खोले जाने की तारीख व समय (अर्थात तकनीकी बोली) भाग-II खोले जाने की तारीख व समय (वित्तीय बोली)	**18 मार्च 2024 को अपराह्न 02:00 बजे** वित्तीय बोली खोले जाने की तारीख व समय अलग से सूचित किया जाएगा।
l.	लेनदेन शुल्क	यदि कोई हो तो उसे एमएसटीसी लिमिटेड के पक्ष में या मे. एमएसटीसी लि. द्वारा सूचित किए अनुसार एमएसटीसी भुगतान गेटवे/ एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से अदा किया जाना है।

		कृपया लेनदेन शुल्क भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै को अंतरित न करें।

समाचार पत्र, आरबीआई वेबसाइट और एमएसटीसी पोर्टल में ई-निविदा आमंत्रित करने की सूचना के प्रकाशन की तारीख 08 फरवरी, 2024 है। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://rbi.org.in पर 'निविदाएं' लिंक देखें।

उक्त पैनल के लिए, निविदाकर्ता ई-निविदा संबंधी महत्वपूर्ण अनुदेशों के अनुसार पूरी तरह से संपूर्ण सभी समर्थक दस्तावेजों सहित अपना प्रस्ताव **18 मार्च, 2024** को **पूर्वाह्न 11:00 बजे तक** प्रस्तुत करना चाहिए। निविदाकार निर्धारित प्रारूप के अनुसार सभी प्रकार से संपूर्ण निविदा प्रस्ताव **₹1,60,000/-** की वापसी-योग्य ईएमडी के साथ प्रस्तुत करेंगे। तकनीकी बोलियां इलेक्ट्रॉनिक रूप से **18 मार्च, 2024 को दोपहर 02:00 बजे** खोली जाएंगी। ऊपर बताई गई किसी भी तारीख को अवकाश घोषित किए जाने की स्थिति में, अगला कार्य दिवस यहां उल्लिखित संगत उद्देश्य के लिए लागू हो जाएगा।

निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://rbi.org.in और www.mstcecommerce.com/eprocn से डाउनलोड किया जा सकता है। इस निविदा के संबंध में कोई भी संशोधन/ शुद्धिपत्र/ स्पष्टीकरण केवल वेबसाइट/ ई-पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उक्त वेबसाइट पर किसी भी संशोधन/ शुद्धिपत्र/ स्पष्टीकरण के लिए निविदाकार को नियमित रूप से उपर्युक्त वेबसाइट/ ई-पोर्टल देखते रहना चाहिए।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक
चेन्नै